# अप्रेंटिसशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू

भिवानी। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) में अप्रेंटिसशिप सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। भिवानी सर्कल के अधीक्षण अभियंता विनोद पूनिया नेबताया कि अभ्यर्थी https://www.apprentice-shipindia.gov.in/login पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। लाइनमैन व इलेक्ट्रीशियन के 161 पदों के अलावा कोपा के 21 पद और स्टेनो (अंग्रेजी व हिंदी) के आठ-आठ पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ सभी आवश्यक मूल दस्तावेज अपलोड करने होंगे। आवेदन के प्रिंट और दस्तावेजों की सत्यापित फोटो प्रतियां 11 से 13 अगस्त तक शाम चार बजे तक डीएचबीवीएन कार्यालय में जमा करवानी होंगी। संवाद